## न्यूज डायरी



### यूएई की राजकुमारी हिंद अल कासिमी ने मंदिर में की पूजा, भड़के मुस्लिम कट्टरपंथी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अबूधाबी। भारत में मुसलमानों के कथित उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने वाली संयुक्त अरब अमीरात की राजकुमारी हिंद अल कासिमी अब मुस्लिम कट्टरपंथियों के निशाने पर आ गई हैं। दरअसल, राजकुमारी ने बुधवार को चेन्नै के गोल्डेन टेंपल के दर्शन–पूजन करने का एक पुराना वीडियो डाला। इस वीडियो के बाद मुस्लिम कट्टरपंथी काफिर कह कर ट्रोल करने लगे। राजकुमारी ने भी कट्टरपंथियों को करारा जवाब देकर उनकी बोलती बंद कर दी। प्रिंसेस हिंद अल कासिमी ने बताया कि मैंने मुस्लिम होने के बाद भी पूजा की और मुझे मंदिर के अंदर अद्भुत ऊर्जा का अहसास हुआ। मैंने भारत में पुडुचेरी के पहाड़ों को देखा। मैं खेतों में गई। मैंने साड़ी और बिंदी खरीदा। मैंने गोल्ब्डेन टेंपल की यात्रा की। केले के पत्ते पर खाना खाया। उन्होंने कहा कि लोगों को अविश्वसनीय भारत को देखना चाहिए।

### पाक कर्नल की बीबी बनी जनरल, रोकने पर उखाड़ फेंका पुलिस चेक पोस्ट बैरियर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तानी सेना के काले कारनामे पूरी दुनिया के सामने तो आते ही रहते हैं लेकिन अब सेना के एक अधिकारी की बीबी का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर शेयर किया जा रहा है। खुद को पाकिस्तानी सेना के कर्नल की बीबी बताने वाली महिला को जब हजारा मोटरवे पर पुलिस ने जांच के लिए रोका तो वह भड़क उठीं और उन्होंने पुलिस चेक पोस्ट बैरियर को उखाड़ कर फेंक दिया। इस पूरे घटनाक्रम के बाद सोशल मीडिया में पाकिस्तानी सेना की जमकर आलोचना हो रही है। पुलिसवालों के साथ बदतमीजी के बाद पाकिस्तानी कर्नल की बीबी अपनी कार लेकर निकल गई। वीडियो में नजर आ रहा है कि इस दौरान कर्नल की बीबी ने पुलिस वालों को काफी अपशब्द भी कहे।

### दर्शकदीर्घा में सेक्स डॉल रखने पर कोरिया के फुटबॉल क्लब पर रिकॉर्ड जुर्माना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सोल। दक्षिण कोरिया के एफसी सियोल पर खाली स्टेडियम में हुए फुटबॉल मैच के दौरान दर्शक दीर्घा में सीटों को भरने के लिए 'सेक्स डॉल' का इस्तेमाल करने पर रिकार्ड 10 करोड़ वोन (81 हजार डॉलर) का जुर्माना लगाया गया है।देश की शीर्ष के–लीग के अधिकारियों ने कहा कि इस फुटबॉल क्लब ने महिला प्रशंसकों को अपमानित किया है।कोरोना वायरस के कारण स्टेडियम में दर्शकों के आने पर लगे प्रतिबंध के कारण एफसी सियोल ने रविवार को मैच के दौरान दर्शक दीर्घा में दर्जकों डॉल रखी थी जिन्हें टीशर्ट पहनाई गई थी या उनके हाथ में तख्तियां थी जिस पर 'सेक्स–टॉय' विक्रेता का लोगो दिख रहा था। इस घटना ने दुनिया भर में सुर्खियां बटोरी थी और टीम की काफी आलोचना हुई थी।

### नेपाल के पीएम का निशाना, भारत से आ रहा कोरोना ज्यादा खतरनाक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काठमांडू। भारत और नेपाल के सीमा विवाद को लेकर बढ़ते तनाव के बीच नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने कोरोना वायरस के लिए भी भारत को जिम्मेदार ठहराने के संकेत दिए हैं। ओली ने भारत से नेपाल में आने वाले कोरोना वायरस के मामलों को ज्यादा जानलेवा बताया है। उन्होंने कहा है कि देश में पॉजिटिव मामले भारत से अवैध तरीके से नेपाल में दाखिल होने वाले लोगों की वजह से बढ़ रहे हैं। देश में बुधवार को कुल मामले 427 पर पहुंच गए थे। वहीं, नेपाल ने भारत से सीमा विवाद के बीच देश का नया राजनीतिक और प्रशासनिक नक्शा भी जारी कर दिया है। कोविड–19 की महामारी को लेकर ओली ने मंगलवार को संसद में कहा था कि नेपाल में बाहर से आने वाले लोगों की वजह से कोरोना को फैलने से रोकना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा, कई कोरोना वायरस पीड़ित नेपाल में दाखिल हुए हैं। वायरस बाहर से आया है क्योंकि यहां पहले नहीं था। हम सीमा पर बाहर से घुसपैठ रोक नहीं सके। ओली ने कहा कि देश में सबसे ज्यादा चिंता बढ़ते हुए मामलों की है। उन्होंने इसके लिए कोरोना वायरस लॉकडाउन का उल्लंघन करने वाले लोगों को जिम्मेदार ठहराया।

# कोरोना काल में 'अम्फान' तूफान से बांग्लादेश में तबाही

**'अम्फान'**

## छह साल के बच्चे समेत 7 लोगों की मौत, कई घर बर्बाद

■चक्रवाती तूफान 'सिद्र' के बाद से सबसे शक्तिशाली है 'अम्फान'

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ढाका। शक्तिशाली चक्रवाती तूफान से बांग्लादेश में छह साल के बच्चे समेत कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई। कई इलाके जलमग्न हो गए और सैकड़ों मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। अधिकारियों ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। करीब दो दशकों में क्षेत्र में अब तक के सबसे विनाशकारी चक्रवाती तूफान 'अम्फान' ने बुधवार शाम को बांग्लादेश में दस्तक दी।

यह चक्रवाती तूफान 'सिद्र' के बाद से सबसे शक्तिशाली है। 2007 में 'सिद्र' चक्रवात से करीब 3,500 लोगों की मौत हुई थी। ढाका ट्रिब्यून ने बताया कि बांग्लादेश के तटीय जिलों में चक्रवात से कई निचले इलाके डूब गए, तटबंध टूट गए, पेड़ उखड़ गए और मकान क्षतिग्रस्त हो गए। उसने बताया कि चक्रवाती



तूफान के भारत और बांग्लादेश की तटरेखा पर दस्तक देने पर कम से कम से 7 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में बर्गुना, सत्खिरा, पिरोजपुर, भोला और पटुआखली जिलों के लोग शामिल हैं। खबर में अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि बर्गुना में डूबने से 60 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई जबकि सत्खिरा में पेड़ गिरने से 40 वर्षीय महिला की मौत हो गई। पिरोजपुर में 60 वर्षीय व्यक्ति पर दीवार गिरने से उसकी मौत हो गई। भोला में तूफान के कारण दो लोगों ने जान गंवाई। पटुआखली में पेड़ गिरने से छह वर्षीय लड़के की मौत हो गई।

**सीपीपी के नेता शाह आलम का शव नौ घंटे बाद बरामदः** इस बीच कालापाड़ा उपजिला अधिकारी अबू हसनत ने बताया कि चक्रवात तैयारी कार्यक्रम (सीपीपी) के नेता शाह आलम का शव नौ घंटे बाद बरामद कर लिया गया। वह कालापाड़ा उपजिला में एक नहर में नौका डूबने के बाद लापता हो गए थे। खबर में बताया गया है कि आलम समेत सीपीपी स्वयंसेवकों को लेकर जा रही एक नौका तूफान की चपेट में आने के बाद बुधवार सुबह एक नहर में डूब गई।

बीडीन्यूज24डॉट कॉम ने मौसम विज्ञानी अब्दुल मन्नन के हवाले से बताया कि चक्रवात 'अम्फान' ने करीब 160 से 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बुधवार को शाम पांच बजे बांग्लादेश तट पार करना शुरू किया। बांग्लादेश ने 20 लाख से अधिक लोगों को शिविरों में भेजा और इस शक्तिशाली तूफान से निपटने के लिए सेना को तैनात किया है।

### कोरोना के मारे पाकिस्तान ने फैलाए हाथ, मांगेगा 2 अरब डॉलर का कर्ज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान नकदी संकट से जूझ रहा है। इससे उबरने के लिए पाकिस्तान सरकार ने अब वैश्विक वित्तीय संस्थाओं से दो अरब डॉलर का नया कर्ज मांगने की योजना बनाई है। एक मीडिया रिपोर्ट में बुधवार को यह जानकारी दी गई। पाकिस्तान को कोरोना वायरस महामारी का मुकाबला करने के लिए मदद की दरकार है जबकि सरकार के खजाने की स्थिति तेजी से बिगड़ रही है।

अखबार एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने बताया कि पाकिस्तान ने विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) से जो नया कर्ज मांगा है, वह जी–20 देशों से मांगे गए कर्ज के मुकाबले अधिक है। इस्लामाबाद ने जी–20 देशों से 1.8 अरब डॉलर मांगे हैं। एडीबी और पाकिस्तान पाकिस्तान के बीच 30.5 करोड़ रुपये के कोविड–19 आपातकालीन ऋण पर सहमति हुई है, ताकि चिकित्सा उपकरण खरीदे जा सकें और गरीब महिलाओं को वित्तीय मदद दी जाए।

अब एशियाई विकास बैंक वाणिज्यिक शर्तों पर ऋण राशि को बढ़ाएगा। पाकिस्तान को पिछले महीने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से 1.39 अरब अमरीकी डॉलर का आपातकालीन ऋण और विश्व बैंक से 20 करोड़ डॉलर की सहायता मिली थी।



### दुनियाभर में संक्रमितों की तादात 50 लाख के पार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। दुनियाभर में कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों का आंकड़ा 50 लाख को पार कर गया है, जबकि 3 लाख 29 हजार 762 लोगों की मौत हो चुकी है। दुनिया में कोरोना के मामलों पर निगाह रखने वाली वेबसाइट वर्ल्डोमीटर के अनुसार, कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों की कुल संख्या 50,091,503 हो गई है। जबकि 20 लाख से ज्यादा संक्रमित ठीक भी हो चुके हैं। कोरोना वायरस से सबसे अधिक प्रभावित देशों में पहले नंबर पर अमेरिका है, जहां संक्रमितों की कुल संख्या 1593039 पहुंच गई है। मृतकों के मामले में भी अमेरिका शीर्ष पर कायम है। यहां अबतक 94941 लोगों की मौत हो चुकी है। इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर रूस है, जहां 308,705 लोग संक्रमित हैं।

## पाकिस्तान में बच्चों की किताब में सूअर की तस्वीर, सरकार ने लगाया बैन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में बच्चों की गणित की किताब में सूअर की तस्वीर को छापना किताब छापने वालों के लिए महंगा पड़ गया। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने इस्लाम और पाकिस्तान की सुरक्षा का हवाला देकर इस किताब पर बैन लगा दिया। प्राब्लम सॉल्व करने के लिए लिखी गई छोटे बच्चों के मैथ की इस किताब में सूअर की तस्वीर को छापा गया था।

पंजाब पाठ्यक्रम और पाठ्य पुस्तक बोर्ड ने बुधवार को सूअर के चित्र वाली इस किताब पर बैन लगाया। बोर्ड की ओर से जारी नोटिफ्धिकेशन में कहा गया कि बुकलेट सीरिज टाइटल्ड इनफैंट मैथमेटिक्स को सनराइज पब्लिकेशन की ओर से बिना पंजाब बोर्ड की स्वीकृति के छापा गया है। इस किताब की बिक्री और अध्ययन पर प्रतिबंध लगाया जाता है।

**इस्लाम का हवाला देकर इस किताब पर बैन लगाया**

**किताब वर्ष 2015 में बनाए गए कानून के खिलाफः** नोटिफिकेशन में आगे कहा गया है कि यह किताब वर्ष 2015 में बनाए गए कानून के खिलाफ है। इस कानून के मुताबिक ऐसी किताबों का प्रकाशन और उनकी बिक्री और शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई कानूनन अपराध है। बोर्ड ने कहा कि ऐसी किसी किताब को नहीं पढ़ाया जा सकता है जो इस्लाम या देश की सुरक्षा और एकजुटता तथा सामाजिक व्यवस्था के खिलाफ हो।

बोर्ड के अधिकारियों ने कहा कि यह किताब बिना अनुमति के बेची जा रही थी। नोटिफिकेशन में कहा गया है कि सूअर के तस्वीर वाली किताब का मुद्रण, प्रकाशन या बिक्री को बंद कर दिया। शिक्षण संस्थानों को भी निर्देश दिया गया है कि वे निर्देशों का पालन करें और सात दिन के अंदर अपनी रिपोर्ट पेश करें। पंजाब सरकार के इस तुगलकी फरमान पर सोशल मीडिया में जमकर मजाक उड़ाया जा रहा है।

### चीन में कोविड-19 के नए मामलों से मिले गंभीर संकेत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। चीन में कोरोना वायरस के मिले नए मरीजों से गंभीर संकेत (ब्तवदंअपतने छमू्ँ लउचजवउे) मिलते दिखाई दे रहे हैं। इन नए मरीजों में कोरोना वायरस बहुत अलग तरीके से व्यवहार कर रहा है जिससे पता चलता है कि यह वायरस लगातार अपने आपको बदल रहा है। इन नए मरीजों को ठीक होने में और ज्यादा समय लग रहा है और उनके अंदर लंबे समय तक कोरोना वायरस के विषाणु मौजूद हैं। एक वरिष्ठ डॉक्टर ने बताया कि चीन के जिलिन और हेईलांगजिआंग इलाकों में मरीजों के अंदर ज्यादा लंबे समय कोरोना के वायरस मौजूद हैं। यही नहीं वुहान में जितना समय मरीजों को ठीक होने में लगता था, उससे कहीं ज्यादा इन नए मरीजों को लग रहा है। नैशनल हेल्थ कमिशन एक्सपर्ट ग्रुप के सदस्य क्यू हेइबो ने कहा कि मरीजों में बुखार के लक्षण बहुत कम आ रहे हैं। वायरस से उनके फेफड़ों का ज्यादा नुकसान पहुंच रहा है, बजाय कई अंगों के। चीन के दो उत्तर पूर्वी प्रांतों में हाल के दिनों में कोरोना वायरस के नए मामले सामने आए हैं जिससे इस महामारी के सेकंड वेब आने का खतरा बढ़ गया है।